बिहार विद्यालय परीक्षा समिति
BIHAR SCHOOL EXAMINATION BOARD

- बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा **सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई** के **सत्र 2022-23** के लिए छठी कक्षा में नामांकन के संबंध में **Schedule** जारी किया गया है।
- सिमुलतला आवासीय विद्यालय के छठी कक्षा में नामांकन के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म एवं शुल्क **दिनांक 22.09.2021** से **06.10.2021** तक भरा जायेगा, जिसके लिए वेबसाइट **http://secondary.biharboardonline.com** निर्धारित है।
- सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई के छठी कक्षा में छात्र-छात्राओं के लिए 60-60 सीटें निर्धारित हैं।

- सिमुलतला आवासीय विद्यालय के छठी कक्षा में नामांकन हेतु पात्रता -

(i) आवेदक की आयु 1 अप्रैल, 2022 को न्यूनतम 10 वर्ष तथा अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए।

(ii) आवेदक बिहार राज्य के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पाँचवीं में अध्ययनरत हो।

- नामांकन हेतु चयन प्रक्रिया -

- परीक्षा **दो चरणों** में आयोजित की जाएगी- **प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा** एवं **मुख्य प्रवेश परीक्षा**। उसके बाद मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए मेधा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा, जिसमें सफल होने के बाद ही प्रवेश की स्वीकृति मिलेगी।

प्रारंभिक एवं मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए विषय एवं अंकों का निर्धारण-

प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा				मुख्य प्रवेश परीक्षा			
क्र.सं.	विषय	अंक	पत्र	क्र.सं.	विषय	अंक	कुल अंक
01	हिन्दी	30	पेपर–I	01	गणित	100	150
02	विज्ञान	25		02	बौद्धिक क्षमता	50	
03	सामाजिक विज्ञान	25	पेपर–II	01	हिन्दी	40	150
04	गणित	40		02	अंग्रेजी	40	
05	अंग्रेजी	30		03	विज्ञान	40	
				04	सामाजिक विज्ञान	30	
	कुल अंक	150				कुल अंक	300

- परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्तर बिहार सरकार द्वारा पाँचवी कक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।
- इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए **हेल्पलाइन नंबर- 0612-2232074**, एवं **0612-2232257** पर सम्पर्क किया जा सकता है।